भारत सरकार

जनजातीय कार्य मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 894

उत्तर देने की तारीख: 24/07/2025

अनुसूचित जिलों में सरकारी संस्थानों के लिए भूमि अधिग्रहण

894. श्री नव चरण माझी:

क्या जनजातीय कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि कई प्रस्तावित सरकारी संस्थान अनुसूचित जिलों में स्थापित नहीं हो पा रहे हैं, जिसका मुख्य कारण पुराने भू-अधिनियम संबंधी नियम हैं, जिससे भूमि अभिलेखों के निपटारे से पहले और बाद में भूमि की स्थिति में विसंगतियाँ उत्पन्न हो रही हैं; और

(ख) इन क्षेत्रों, विशेष रूप से ओडिशा में, इन बाधाओं को दूर करने और आवश्यक संस्थानों की स्थापना की प्रक्रिया को सुचारू बनाने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

जनजातीय कार्य राज्यमंत्री
(श्री दुर्गादास उइके)

(क) और (ख): नहीं। मंत्रालय के पास ऐसी कोई रिपोर्ट नहीं है जिसमें ऐसा मुद्दा उठाया गया हो।

*****